

# दुर्गा उत्सव चल समारोह में धूमधाम से निकलीं झाकियां

**ढाई सौ से अधिक झांकियों का वेत्रवती नदी में विसर्जन**



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 3 अक्टूबर, विजयदशमी के अवसर पर दुर्गा उत्सव चल समारोह गुरुवार रात धूमधाम से निकाला गया. इस ऐतिहासिक चल समारोह में विदिशा सहित आसपास की तहसीलों और ग्रामीण क्षेत्रों से ढाई सौ से अधिक झांकियां शामिल हुई. जगमग रोशनी से सजी झांकियां गुरुवार रात 7 बजे से लेकर शुक्रवार सुबह लगभग 8. 30 बजे तक निरंतर निकलती रहीं. कुछ झांकियों का विसर्जन शुक्रवार दोपहर तक वेत्रवती नदी के जल में किया गया.**

सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी ने बताया कि चल समारोह पूर्णत: शांतिपूर्ण और भव्य रूप से संपन्न हुआ. विदिशा शहर और ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु माता जगदंबा के दर्शन के लिए उपस्थित रहे और पूरी रात मार्ग पर डटे रहे. दुर्गा उत्सव चल समारोह के संयोजक व सह संयोजक पुनीत महेश्वरी व राहुल कुशवाहा ने बताया कि चल समारोह के दौरान पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन, नगर पालिका, बिजली विभाग, पीडब्ल्यूडी, एनडीआरएफ सहित सभी विभागों के अधिकारियों ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई. इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी, संस्थापक अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाहा, विदिशा विधायक मुकेश टंडन, समिति के पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह टीलाखेड़ी, चंद्रकुमार शर्मा बल्लू महाराज, अतुल तिवारी, सजीव शर्मा सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही. समिति की तरफ से इस बार 6 मंचों की व्यवस्था की गई थी. पहला मंच सिटी सेंटर पर, जहां झांकियों को नंबर प्रदान किए गए. दूसरा मंच माधवगंज पर, जहां से झांकियों को क्रमबद्ध रूप से निकाला गया. इसके अतिरिक्त मंच नगर पालिका, तिलक चौक, बड़ा बाजार निर्णायक मंडल, और बजरिया में स्थापित किए गए, जिन्हें शुक्रवार सुबह तक प्रभारी संभालते रहे.समिति प्रवक्ता मनोज शर्मा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि वेत्रवती के तट पर जब झांकियों का विसर्जन हुआ, तब भक्तिमय माहौल में जय माता दी के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा.

### हैदरगढ़ में निकला चल समारोह, धूमधाम से हुआ दुर्गा विसर्जन

हैदरगढ़ में शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन दुर्गा पंडाल में विशेष पूजन का भी आयोजन किया गया हैदरगढ़ में अलग अलग 10 स्थानों पर झांकी पंडाल सजाए गए थे प्रत्येक झांकी पर हवन का आयोजन किया गया इस अवसर पर अलग अलग कुछ रात में कुछ सुबह झांकी पंडाल के समक्ष हवन कर श्रद्धालुओं ने आहुति दी इस दौरान मां दुर्गा की विशेष पूजन की गई यजमानों ने मिलकर ईश्वर का आह्वान किया और आखिरी दिन पूर्णाहूति दी गई जिसके बाद माता की विदाई के लिए साज सज्जा में जुटे रहे कस्बा हैदरगढ़ में लगभग 28 वर्षों से सुनील विश्वकर्मा भैया जी के नेतृत्व में अखाड़ा एवं चल समारोह निकाला जाता दोपहर 3 बजे से विजयदशमी पर अखाड़ा निकाला गया जो कि मुख्य मार्ग से होते हुए बुधवारा बाजार पहुंचा जहां पर अखाड़ा खेला गया अखाड़े में विभिन्न प्रकार के कर्तव्य दिखाए गए कलाकारों ने राम लक्ष्मण रावण मेघनाथ आदि के रूप धारण कर राम रावण युद्ध हुआ जिसमे चुनौती दी और राम ने रावण का वध किया इसके पश्चात राम ने अग्रिबाण छोड़ कर रावण के पुतले का दहन किया गया इसके बाद शाम 7 - 8 बजे से चल समारोह प्रारंभ हुआ कस्बा हैदरगढ़ के मुख्य मार्गो से होते हुए विसर्जन घाट के लिए नोरजा घाट के लिए निकला शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन देवी दुर्गा के विसर्जन का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से किया गया.

नवरात्रि के दौरान भक्तों ने श्रद्धा से माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना की इस जुलूस में विसर्जन के दौरान भक्तजन अपने-अपने घरों से तैयार होकर माँ दुर्गा के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करने के लिए निकलें इस अवसर पर हर कोई माता के जयकारे लगाते हुए नदी घाट पहुंचा विसर्जन से पहले सभी भक्तो ने एक साथ मिलकर माँ दुर्गा की आरती की और उन्हें अपनी भावनाएँ अर्पित की माता रानी का चल समारोह नगर भ्रमण के बाद नोरजा घाट पहुंचा जहां करीब रात्रि 1 से 2 बजे के बीच विसर्जन संपन्न हुआ चल समारोह में ढोल बाजे एवं डीजे पर नाचते गाते हुए और माता के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे नोरजा घाट पर विसर्जन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में हैदरगढ़ थाना पुलिस बल मौजूद रहा.

### गुलाबगंज में देर रात तक मातारानी की निकलीं आर्कषक झांकियां

गुलाबगंज दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर नगर में देर रात तक आर्कषक विद्युत साथ सज्जा के साथ मनोहारी माता रानी की झांकीयां देर रात तक निकलती रहीं इस अवसर पर भक्तों एवं दर्शकों में खूब उत्साह रहा जेसीबी मशीन पर माता रानी की झांकी आर्कषण का केंद्र रही ग्राम पंचायत ने स्टाल लगाकर सभी झांकियों को सम्मानित कर शील्ड प्रदान की अन्य स्थानों पर झांकी को सम्मानित किया गया पुलिस व्यवस्था चौकस रहने से कार्यक्रम शांति पूर्ण सोहार्द पूर्ण रूप से सम्पन्न हुआ

### कुरवाई में दुर्गाउत्सव के समापन के साथ संपन्न हुआ विसर्जन

दुर्गा उत्सव के समापन के साथ ही नगर कुरवाई के वेतवा पुल के निकट बनाये गये विसर्जन स्थल पर नगर कुरवाई में प्रषासनिक अधिकारियों की मौजदूगी में विसर्जन प्रक्रिया पूरी की गई. दुर्गा उत्सव के समापन के साथ ही नगर कुरवाई में दषहरा का पर्व उत्साह पूर्वक मनाया गया.थाना परिसर में शस्त्र पूजन हुआ, वहीं आर्य समाज मंदिर में विजयदषमी के पावन पर्व पर हवन यज्ञ संपन्न हुआ, इस मौके पर बताया गया कि विजयदषमी का त्यौहार बुराई पर अच्छाई की विजय के रूप में मनाया जाता है.नगर कुरवाई में मुरलीधर मंदिर परिसर से भगवान श्रीरामजी रथ पर बिराजमान होकर शीतलामाता मंदिर परिसर पहुंचे, जहां दषहरा मैदान स्थल पर खडे किए गए रावण का दहन किया गया, इस मौके पर नगर कुरवाई के अनेक प्रबुद्ध सामाजिक, धार्मिक जन एकत्रित हुए, इससे पूर्व नगर कुरवाई में स्थापित की गंई 22 प्रतिमाओं तथा ग्रामीण अंचल में स्थापित की गंई 44 दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन प्रषासनिक अधिकारियों की मौजदूगी में वेतवा पुल के निकट बनवाये गये विसर्जन स्थल पर व्यवस्थित ढंग से किया गया.



### पठारी में देर रात तक हुआ मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन

पठारी नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों मे दशहरा पर्व की धूम रही.गुरुवार रात्रि में भक्तों ने धूमधाम के साथ मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया.9 दिनों से दुर्गा पूजा कर पंडालों में विराजमान प्रतिमाओं को बघारु नदी के घाट, पर विसर्जित किया गया।प्रशासन की तरफ से सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे.नदी तटों पर पुलिस प्रशासन तैनात किए गए थी जिसमें भाल बामोरा, बगोदा डेम, दान खेड़ी घाट बिना नदी, दलपतपुर बिना नदी, बगरु नदी पर भी मौजूद रहा इस दौरान तहसीलदार अभिषेक पांडे ने सभी विसर्जन स्थलों का जायजा लिया.वैदिक मंत्र व रीति-रिवाज से प्रतिमाओं को विसर्जित किया गया.जय माता दी के जयकारे से नगर गूंज उठा.युवा स्त्रद्ध की धुन पर झूम रहे थे.चल समारोह में सत्यम शिवम सुंदरम नवदुर्गा उत्सव समिति झंडा चौक की एवं छोटी माता मंदिर शिव मंदिर सहित नगर की सभी झांकियां एक से बढ़कर एक आकर्षण का केंद्र रही समारोह में भजन-कीर्तन संग जुलूस नगर के मुख्य मार्गो से होता हुआ बघारु नदी के घाट पर पहुंचा जहां माता रानी की झांकियों के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पडा चल समारोह में पुलिस थाना ,झंडा चौक, फार्म चौराहा छोटी माता मंदिर खुरई रोड सहित सभी प्रतिमाओं का विसर्जन रात्रि 3 बजे तक चला.



## कलेक्टर का आदेश शराब कारोबारियों के आगे हवा

**खास बातें**

- आबकारी के अधिकारी बदले, हालात वही खुलेआम बिक रही शराब
- ड्राय डे पर पुलिस और आबकारी अमले का रहा सुस्त रवैया, तहसीलदार ने पकड़ी शराब

**नवभारत न्यूज**

**नटेरन, नटेरन में अवैध शराब खुले आम बेंची जा रही है. करीब 100 से ज्यादा गांव में अवैध शराब का गोरखधंधा चल रहा है. दो अक्टूबर को जहां प्रदेश भर में शराब क बिक्री पर पांबदी लगी हुई थी जिसके आदेश कलेक्टर ने कई दिन पहले ही जारी कर दिए थे. लेकिन 2 अक्टूबर को ड्राय डे के दिन भी नटेरन मुख्यालय समेत आसपास के कई गांव में अवैध शराब बिकती रही.**

खास बात यह है कि यह अवैध शराब शराब की दुकानों के बाहर से ही बिक रही थी. नटेरन इलाके में करीब 1 दर्जन शराब की दुकाने एक ही ठेकेदार के पास है. एक दिन शराब की दुकान बंद होने से ठेकेदार को नुकसान उठाना पड़ता है. इसी नुकसान की भरपाई के लिए नटेरन इलाके में गुरूवार को दिन भर करीब 8 से 10 शराब की दुकानों के बाहर खुलेआम महेंगे दामों पर शराब बिकती रही. चौकाने वाली बात यह है कि दिन भर शराब खुलेआम बिकती रही जिसकी खबर न तो पुलिस को लगी और न ही आबकारी विभाग को. हद तो तब हुई जब अवैध शराब की बिक्री को रोकने के लिए खुद तहसीलदार को मैदान में उतरना पड़ा और सूचना मिलने पर अवैध शराब बेंचने वालों पर कार्यवाही की व उनको पुलिस के हवाले किया. यह पूरा घटनाक्रम नटेरन क्षेत्र का है. इस इलाके में ही सबसे ज्यादा अवैध शराब का कारोबार पनप रहा है. कुछ शराब ठेकेदार मुनाफे लिए गांव गांव में कमीशन पर शराब बिकवा रहे हैं.

## पुजारी के परिवार पर प्राण घातक हमला

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** हमीदपुर में पुजारी के परिवार पर प्राण घातक हमला करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. 5 आरोपी फरार हो गये हैं. पुलिस ने धारा 307 के तहत प्रकरण कायम कर फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है.त्योंदा थाना अंतर्गत आने वाले इस गांव में रंजिश को लेकर यह स्थिति बनी. पहले भी पुलिस को जानकारी दी गई थी. कार्रवाई न होने के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद थे.घायल परिवार के लोगों को इलाज हेतु विदिशा रेफर कर दिया गया है.पुजारी हरिलाल का कहना है उनके साथ कभी भी कोई बड़ी घटना घटित हो सकती है.

## होमगार्ड की सतर्कता से दो मासूमों की जान बची

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** छोटे बेतवा पुल पर शुक्रवार की दोपहर एक बड़ा हादसा टल गया, जब दो बच्चे साइकिल सहित अचानक नदी में गिर गए. मौके पर तैनात होमगार्ड जवानों ने तत्काल सूझबूझ और बहादुरी का परिचय देते हुए स्थानीय गोताखोरों की मदद से दोनों बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया. जानकारी के अनुसार, बेस नदी निवासी देव मालवीय पिता जगदीश आयु 12 वर्ष और राज मौर्य पिता जसवंत मौर्य आयु 13 वर्ष साइकिल से छोटे बेतवा पुल से गुजर रहे थे. संतुलन बिगड़ने से दोनों नदी में जा गिरे. होमगार्ड जवान तत्काल हरकत में आए और बिना समय गंवाए गोताखोरों को साथ लेकर बच्चों को बाहर निकालकर उनकी जान बचाई.

# मकान टूटा तो आया गुस्सा, आक्रोश दिखाने टावर पर चढ़ा युवक

**खास बातें**

- अतिक्रमण हटाने से नाराज युवक टावर पर चढ़ा
- कई घंटो तक चला हाई वोल्टेज ड्रामा, नटेरन क्षेत्र का मामला

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, शुक्रवार को पंचायत नटेरन निवासी एक युवा पंचायत और राजस्व विभाग द्वारा नाली निर्माण को लेकर अतिक्रमण हटाया गया था, जिसके कारण से उसका टापरा टूट गया था, इसके विरोध में रावण रोड पर लगे टावर पर चढ़ गया. जब इस मामले की जानकारी ग्रामीणों को लगी तो उन्होंने तुरंत ही इस मामले की सूचना पुलिस और राजस्व विभाग को दी.**

मौके पर पहुंची पुलिस ने समझाइश देकर युवक को नीचे उतारकर उसे थाने लेकर आए. शुक्रवार को दोपहर के समय तहसील नटेरन के गांव में एक



युवक अपनी झोपड़ी तोड़े जाने से नाराज होकर मोबाइल टावर पर चढ़ गया. यह घटना खैराई रोड पर हुई, जहां 30 वर्षीय बलराम मालवीय नामक युवक करीब एक घंटे तक टावर पर बैठा रहा और झोपड़ी दोबारा बनाने की मांग करता रहा. जानकारी के अनुसार बलराम और उसका परिवार सरकारी जमीन पर झोपड़ी बनाकर रह रहे थे. हाल ही में पंचायत ने कार्रवाई करते हुए झोपड़ी को हटा दिया था. इसी बात से नाराज होकर युवक ने विरोध जताने के लिए टावर पर चढ़ने का कदम उठाया. घटना की सूचना मिलने पर प्रशासन से नायब तहसीलदार और पुलिस मौके पर पहुंची. ग्रामीणों ने बताया कि युवक नशे की हालत में था. अधिकारियों और गांव के लोगों ने काफी मशक्कत और समझाइश के बाद उसे सुरक्षित नीचे उतारा. स्थानीय निवासियों के अनुसार बलराम के परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है. उसकी मां और एक भाई का पहले ही निधन हो चुका है. मजदूरी कर वह अपने दो भाइयों और पिता के साथ परिवार का पालन-पोषण करता है. मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी और राजस्व विभाग के अन्य अधिकारियों द्वारा युवक को समझाइश दी गई और उसे नीचे उतरने का कहा गया, लेकिन युवक काफी देर तक नीचे नहीं उतरा. जैसे ही पुलिसकर्मी टावर के पास जाता तो युवा ऊपर जाने की कोशिश करने लगता था और पुलिसकर्मी रुक जाते थे. आखिरकार काफी मशक्कत के बाद युवक को समझाया गया तब कहीं जाकर युवक टावर से नीचे उतरा और पुलिस उसे अपने साथ थाने लेकर पहुंची और उस मामले की पूरी जानकारी ली.

## स्वदेशी का लगाया रिटेल काउंटर

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** दशहरे एवं गांधी जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर स्वदेशी अपनाओ आत्मनिर्भर बानो अभियान के तहत संजय क्रॉकरी पर स्वदेशी जनरल सामान के रिटेल काउंटर का शुभारंभ व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष राजेश जैन द्वारा किया गया. इस अवसर पर संबोधित करते हुए श्री जैन ने कहा कि अब समय आ गया कि हमको स्वदेशी अपनाना पड़ेगा आत्म निर्भर बनना पड़ेगा. तभी हम डोनाल्ड ट्रंप को जवाब दे पाएंग.प्रधानमंत्री की पहल बहुत ही शानदार है.इस अवसर पर अमित निहारिका ,पूर्व पार्षद अखिलेश जैन आदि उपस्थित थे.

## चार बीएलओ को शोकॉज नोटिस जारी

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** निर्वाचन कार्यो में लापरवाही बरतने पर विदिशा जिले के चार बीएलओ को उप जिला निर्वाचन अधिकारी मोहिनी शर्मा के द्वारा शोकॉज नोटिस जारी किया गया है। जिन चार बीएलओ को शोकॉज नोटिस जारी किए गए हैं उनमें प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला सिंधु नगर विकासखंड सिरोंज, मतदान केंद्र क्रमांक 19 दामोदर खेड़ी के बीएलओ ओम प्रकाश कुशवाहा, माध्यमिक शिक्षक शास. माध्यमिक शाला बीलाढाना , मतदान केंद्र 267 बीलाढाना-2 के बीएलओ बालमुकुंद चैरसिया, प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला सलैयापुरा विकासखंड सिरोंज मतदान केंद्र 7 बामोरी शाला-3 के बीएलओ तखत सिंह कुशवाहा और माध्यमिक शिक्षक शासकीय माध्यमिक शाला बरुअल विकासखंड कुरवाई, मतदान केंद्र -139 बरूअल के बीएलओ सुरेंद्र मेश्राम शामिल हैं जिन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है.

# स्मार्ट मीटर अनिवार्यता 3 वर्ष के लिए टली, उपभोक्ताओं ने जताई राहत

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, प्रदेश भर में लगातार हो रहे विरोध प्रदर्शनों और उपभोक्ताओं के दबाव के आगे आखिरकार शासन को झुकना पड़ा. स्मार्ट मीटर लगाने की अनिवार्यता को अब 3 साल के लिए टाल दिया गया है. मध्य प्रदेश राज्य विद्युत नियामक आयोग ने यह निर्णय लेते हुए स्मार्ट मीटर लगाने की अंतिम समय सीमा को 31 मार्च 2028 तक बढ़ा दिया है.**

स्मार्ट मीटर विरोध में विदिशा जिला सबसे आगे रहा, जहां कांग्रेस नेता सुभाष बोहत एडवोकेट के नेतृत्व में लगातार धरना-प्रदर्शन और ज्ञापन दिए गए. इन्हीं विरोधों और प्रदेश भर के उपभोक्ताओं के दबाव को देखते हुए तीनों विद्युत वितरण कंपनियों ने नियामक आयोग से समयसीमा बढ़ाने का अनुरोध किया था, जिसे शासन ने स्वीकार कर लिया.कांग्रेस पार्टी के पूर्व महामंत्री सुभाष बोहत एडवोकेट ने इस फैसले पर संतोष जताते हुए कहा किहम मध्य प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हैं. लेकिन जिन उपभोक्ताओं के घरों में जबरिया स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, उन्हें तत्काल हटाया जाए और पुराने मीटर फिर से लगाए जाएं. यदि ऐसा नहीं हुआ तो उपभोक्ताओं के हित में हमें पुन: आंदोलन करने के लिए विवश होना पड़ेगा. इस फैसले से फिलहाल स्मार्ट मीटर अभियान की रफ्तार थम गई है और उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली है.



## अध्यक्ष का पावर कम कर उपाध्यक्ष को वित्तीय अधिकारी देने पर ऐतराज

**खास बातें**

- अब नपा में सामने आया नया पेंच, कलेक्टर से मिले कई पार्षद और प्रतिनिधि
- संगठन का अनुशासन हो रहा तार-तार, बीजेपी जिला अध्यक्ष भी खामोश

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 3 अक्टूबर, विदिशा की नगर पालिका में चल रही उठापटक कम होने का नाम नहीं ले रही है. पहले जहां 38 पार्षद एकजुट हो कर नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा को अध्यक्ष पद से हटाने के लिए आविश्वास प्रस्ताव लाए थे और कलेक्टर को आवेदन दिया था. यह पूरा मामला हाल ही का है. अब एक फिर पार्षदों के सामने नया संकट आ गया है. इस बार पार्षद और उनके प्रतिनिधियों को इस बात पर एतराज है कि महिला अध्यक्ष से वित्तिय अधिकार छीन पर पुरूष उपाध्यक्ष को दिए जा रहे हैं.**

कलेक्टर को दिए शिकायती आवेदन में कहा गया कि वित्तिय अधिकार उपाध्यक्ष को दिए जा रहे हैं. जिस पर पार्षदों की सहमति नहीं ली गई है. खास बात तो यह है कि जो पार्षद अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा से वित्तिय अधिकारी छीनने पर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं. उनके से अधिकांश पार्षद प्रतिनिधि ही कलेक्टर के पास पहुंचे.शिकायती आवेदन देने के दौरान जो फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है उसमें एक भी महिला पार्षद नजर नहीं आ रही है.

## झगड़ा- गुस्साए पति ने पत्नि की गला रेंत कर की हत्या

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** गुरूवार को पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम गुरोद में पति-पत्नी के बीच हुए विवाद में पत्नी रीनाबाई आदिवासी घर के अंदर बेहोश अवस्था में पड़ी हैं. सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, जहां जांच में पाया गया कि किसी धारदार हथियार से गला रेतकर उसकी हत्या की गई है. जांच के दौरान मृतिका के पति चरण पिता गोकल आदिवासी उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम गुरोद पर संदेह गहराया. जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की. पुलिस की जांच में सामने आया कि पति और पत्नि के बीच लंबे समय से विवाद होता आ रहा था. जिसके चलते गुस्साए पति ने अपनी पत्नि की गला रेंत कर हत्या कर दी.पुलिस ने आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया.

**आयोजन** | **व्यक्ति निर्माण, राष्ट्रभक्ति, राष्ट्र निर्माण और सेवा को दिया विशेष महत्व**

# शताब्दी वर्ष में विजयादशमी पर निकले स्वयंसेवक

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपना स्थापना दिवस मना रहा है.विजयदशमी के दिन 1925 में संघ की स्थापना हुई थी और तब से संघ विजयादशमी उत्सव मानता चला आ रहा है. यह वर्ष संघ का शताब्दी वर्ष है और 2025 विजयादशमी से 2026 विजयादशमी तक संघ शताब्दी वर्ष मनाएगा.**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने 2 अक्टूबर को विदिशा नगर की 8 बस्ती में विजयादशमी का संचलन निकले. शताब्दी वर्ष होने की वजह से इस वर्ष काफी ज्यादा व्यापक तौर पर तैयारी की गई है.राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर



विदिशा की गुरु गोविंद बस्ती का विजयदशमी पथ संचलन पुरानी गल्ला मंडी बरईपुरा से प्रारंभ हुआ.अखिल भारतीय अधिकारी अशोक वार्ष्णेय राष्ट्रीय महासचिव आरोग्य भारती का बौद्धिक प्राप्त हुआ. कार्यक्रम में मंच पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विदिशा जिले के सह जिला संघ चालक रामकिशोर अग्रवाल ,विदिशा नगर के नगर कार्यवाह राजेंद्र बघेल उपस्थित रहे. इसी प्रकार नगर की रविदास बस्ती में शताब्दी वर्ष का संचलन का कार्यक्रम संपन्न हुआ.

### त्योंदा में भी निकला पथ संचलन

गुरुवार को कस्बा त्योंदा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक भव्य पथ संचलन निकाला गया.इस पथ संचलन में सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने अनुशासन और समर्पण का प्रदर्शन किया.पथ संचलन से पहले सभी स्वयंसेवक मैथ ग्राउंड में एकत्रित हुए, जहाँ बाहर से आए संगठन के अधिकारियों का बौद्धिक हुआ.

### पठारी में भी निकले स्वयंसेवक

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने स्थापना दिवस विजयादशमी पर नगर के प्रमुख मार्गो से पथ संचलन निकाला वही कार्यक्रम स्थल पर बौद्धिक का आयोजन किया गया. बौद्धिक कार्यक्रम में वक्ताओं ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा से अवगत कराया.